**भारत सरकार**

**शिक्षा मंत्रालय**

**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्याः 176**

**उत्तर देने की तारीखः 19.07.2021**

**स्कूलों में विद्युत का अभाव**

**† 176. श्री भर्तृहरि महताब:**

क्या **शिक्षा**मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यूडीआईएससी रिपोर्ट (2019-20) के अनुसार देश में केवल 80 प्रतिशत स्कूलों में विद्युत सुविधा उपलब्ध है; और
(ख) यदि हां, तो उन स्कूलों का ब्यौरा क्या है जहां विद्युत सुविधा नहीं है और सभी स्कूलों में विद्युत उपलब्ध कराने की सरकार की क्या कार्य-योजना है और ऐसा कब तक किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्री**

**(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) एवं (ख): एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली प्लस (यूडाइस+) 2019-20 के अनुसार देश में 1507708 स्कूल हैं जिनमें से 1257897 स्कूलों में बिजली है। स्कूलों में बिजली उपलब्ध कराने सहित स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार करना एक सतत प्रक्रिया है। स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने स्कूली शिक्षा के लिए एक एकीकृत योजना-समग्र शिक्षा 1 अप्रैल 2018 से शुरू की है, जिसमें तीन पूर्ववर्ती केंद्र प्रायोजित योजनाओं सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए), राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आरएमएसए) और शिक्षक शिक्षा (टीई) को शामिल किया गया है। समग्र शिक्षा सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में बिजली सहित स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार पर ध्यान केंद्रित करती है। इसके अलावा, शिक्षा के समवर्ती सूची में होने के कारण, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से भी इस कार्यकलाप को शुरू करने की अपेक्षा है।

******